RAF SECTOR
NEWS CLIP
19/12/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Bhaskar, Rewari, (Haryana)

देश की एकता के लिए जवानों का जज्बा सदैव प्रेरणादायी–एसडीएम संजीव कुमार

खोजी/धनेश विद्यार्थी,

रेवाड़ी। करीब आ साल से दिल्ली जयपुर हाइवे पर हरियाणा राजस्थान सीमा की निगहबानी करने वाले आरएएफ के जवानों को वीरवार को दिल्ली जयपुर हाइवे पर रंगशाला होटल में सम्मान कार्यक्रम आयोजित करके भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पे मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम बावल संजीव कुमार ने कहा कि देश की एकता के लिए जवानों का जज्बा सदैव प्रेरणादायी रहा। उन्होंने आजादी का अमृत महोत्सव और किसान आंदोलन के दौरान हरियाणा पुलिस और प्रशासन के साथ मिलकर देश में कानून एवं शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए अपना अहम योगदान देने वाले आरएएफ, सीआईएसएफ और सीआरपीएफ के जवामों की अनुशासित जीवन शैली, ग्रामीणों से बेहतर संवाद और आपसी भाईचारे को कायम रखने के लिए बलनिभाई गई भूमिका को लाजवाब बताया।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि एसीपी राजेश कुमार ने अपने चुटीले अंदाज में अभी जवानों की तारीफ करते हुए उनको देशभक्ति का पाठ भी पढ़ाया। उन्होंने किसान आंदोलन में आरएएफ जवानों की अहम भूमिका को यादगार बताते हुए इनके योगदान को हरियाणा और किसान आंदोलन के लिए एक मिसाल बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली जयपुर हाइवे का हरियाणा राजस्थान बॉर्डर अकेला

ऐसा बॉर्डर था, जहां कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम रही। प्रदर्शन करने वाले किसान भी इन जवानों की बात को मानते दिखाई दिए। हरियाणा पुलिस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इन्होंने अपना काम किया।

इस मंच से आरएएफ के सहायक कमांडेंट श्रीराम शर्मा ने कहा कि किसान आंदोलन के दौरान हरियाणा का यह प्रवास हमारे जवानों को सदैव याद रहेगा। हमारे जवानों ने कठिन परिस्थितियों में भी हरियाणा की सीमा की सदा चौकन्ना रहकर रक्षा की। एसडीएम मनोज कुमार और एसडीएम संजीव कुमार तथा डीएसपी राजेश कुमार के साथ बेहतर तालमेल के साथ काम करके हमारे जवानों ने अपना काम बेहतर तरीके से पूरा करते हुए एक नई मिसाल कायम की। इस कार्यक्रम में डेढ़ दर्जन से अधिक जवामों को प्रकृति संरक्षण को बढ़ावा देने और अपने कर्तव्य को बखूबी निभाने के लिए पौधे एयर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बाद में सभी जवानों ने अधिकारियों को सलामी अभिवादन किया और अधिकारियों ने इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

Dainik Jagran, Meerut, (UP)



महिला अधिकारी को सम्मानित करते एडीजी, साथ हैं एसएसपी व रेपो के आइजी • जागरण

दंगा नियंत्रण दल है तैयार

जागरण संवाददाता, मेरठ : दो सप्ताह का विशेष दंगा नियंत्रण प्रशिक्षण पुलिस कर्मियों का पूरा हो गया। प्रशिक्षण का समापन एडीजी जोन राजीव सभरवाल व आइजी रेपो के तत्वावधान में हुआ।

रेपो द्वारा पुलिस कर्मियों को पुलिस लाइन में दो सप्ताह का विशेष दंगा नियंत्रण का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें पुलिस कर्मियों को दंगा नियंत्रण, दंगा उपकरण, आंसू गैस, टीयर गैस गन की ट्रेनिंग दी गई। टीम को दंगा नियंत्रण के तरीके जैसे लाठी ड्रील, बलवा ड्रिल के साथ दंगा नियंत्रण उपकरण एन्टी रायट गन, गैस गन, मल्टी बैरल लांचर वजा आदी को चलाने का व्यवहारिक प्रशिक्षण कराया गया।

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

CIVIL ADMINISTRATION OF REWARI,HARYANA ACKNOWLEDGED THE GOOD WORK DONE BY RAF IN MAINTAINING PEACE AT HARYANA – RAJASTHAN BORDER DURING KISAN AGITATION BY ORGANISING A FAREWELL CEREMONY

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।